सं. टी-11/8/2023-आईसी

भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

उद्योग भवन , नई दिल्ली

दिनांक 20.05.2025

## रिक्ति परिपत्र

विषय: सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग अनुभाग में युवा पेशेवरों (यंग प्रोफेशनल्स) के लिए 2 रिक्तियों को भरने के संबंध में।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, इस मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग अनुभाग में पूर्णतः अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित रिक्तियों को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र. सं. | पद का नाम | युवा पेशेवर (यंग प्रोफेशनल्स) |
|---|---|---|
| 1. | अनुबंध के आधार पर नियुक्त किये जाने वाले कार्मिकों की संख्या | दो |
| 2. | नियुक्ति की अवधि | एक वर्ष |
| 3. | भूमिका | युवा पेशेवर को निम्नलिखित कार्य करने होंगे:<br>- अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय/बहुपक्षीय सहयोग से संबंधित मामले।<br>- विभिन्न मामलों के लिए अनुसंधान संबंधी कार्य करने, नोटिंग/ड्राफ्टिंग तैयार करने, बैठक की व्यवस्था/तैयारी आदि के लिए ।<br>- आईसी स्कीम के नए घटकों के कार्यान्वयन से संबंधित मामले, अर्थात् पहली बार निर्यात करने वालों की क्षमता निर्माण (सीबीएफटीई) जिसमें आरसीएमएस के लिए दावों की जांच, निर्यात के लिए बीमा किश्त आदि शामिल हैं।<br>- आईसी स्कीम से संबंधित नोटिंग/ड्राफ्टिंग और विविध कार्य।<br>- अनुसंधान कार्य एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों की जांच। |
| 4. | योग्यता/अनुभव | **शैक्षणिक योग्यता**<br>अर्थशास्त्र / अंतर्राष्ट्रीय व्यापार / अंतर्राष्ट्रीय संबंध / अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय / अभियांत्रिकी / प्रबंधन में स्नातकोत्तर उपाधि **अथवा** अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय या अंतर्राष्ट्रीय संबंध या अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में 2 वर्ष का पीजी डिप्लोमा / एमबीए **अथवा** सीए / आईसीडब्ल्यूए / सीएस की योग्यता रखने वाले उम्मीदवार। |

नीलम शर्मा

| | | |
|---|---|---|
| | | <u>अनुभव</u><br>अंतर्राष्ट्रीय संबंध/विदेश व्यापार संबंधी मामलों/केन्द्रीय क्षेत्र स्कीम से संबंधित कार्य का 01 वर्ष का अनुभव।<br><u>वांछनीय</u> : निम्नलिखित का ज्ञान:-<br>क) नोटिंग/ड्राफ्टिंग<br>ख) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार |
| 5. | पारिश्रमिक | 60,000 रुपये प्रति माह |
| 6 | आयु सीमा (अधिकतम) | 32 वर्ष |

2. अनुबंध के आधार पर नियुक्ति के लिए निबंधन और शर्तें एमएसएमई मंत्रालय द्वारा दिनांक 08.08.2024 के आदेश संख्या ए-12011/1/2016-एचआर द्वारा निर्धारित या इस मामले में एमएसएमई मंत्रालय द्वारा जारी किए गए बाद के दिशानिर्देशों के अनुसार होंगी।

3. विभाग के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने तथा युवा पेशेवरों/परामर्शदाताओं की नियुक्ति के निबंधनो और शर्तों को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

4. इच्छुक उम्मीदवार, जो पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, निर्धारित प्रोफार्मा (प्रतिलिपि अनुबंध-I के रूप में संलग्न) में अपना आवेदन ic.sec-msme@gov.in पर ईमेल के माध्यम से भेज सकते हैं और प्रतिलिपि: salik.parwaiz@nic.in पर भेजें, जिसके ऊपर **"एमएसएमई मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग अनुभाग में अनुबंध के आधार पर युवा पेशेवर के रूप में नियुक्ति के लिए आवेदन"** लिखा हो , जो दिनांक 19.06.2025 को शाम 5.00 बजे तक इस कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए।

**( नीलम शर्मा )**
**अवर सचिव, भारत सरकार**

प्रतिलिपि:

1. एमएसएमई मंत्रालय का नोटिस बोर्ड।
2. एनआईसी को इस परिपत्र को एमएसएमई मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. उप सचिव (मानव संसाधन), एमएसएमई मंत्रालय।
4. निदेशक, भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने नोटिस बोर्ड और वेबसाइट पर इस रिक्ति परिपत्र को प्रकाशित करें।

प्रतिलिपि प्रेषित: - संयुक्त सचिव (एसएमई) के प्रधान स्टॉफ अधिकारी, एमएसएमई मंत्रालय

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग अनुभाग में रिक्तियों के लिए आवेदन करने हेतु प्रपत्र

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग अनुभाग में युवा पेशेवर के रूप में नियुक्ति के लिए आवेदन

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में) | |

2. शैक्षिक (मैट्रिकुलेशन के बाद) योग्यता (शैक्षिक योग्यता और अनुभव से संबंधित दस्तावेजों की प्रति संलग्न करनी अनिवार्य है)

| क्र.सं. | योग्यता | संस्था का नाम | अध्ययन की अवधि | | प्रासंगिक को टिक करें | | | प्रासंगिक को टिक करें | | | स्व-घोषणा कि क्या शैक्षिक योग्यता की आवश्यकता को पूरा करता है | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | | 6 | | | 7 | | |
| | | | से | तक | अंशकालिक | पूर्णकालिक | पत्र-व्यवहार | डिग्री | डिप्लोमा | प्रमाणपत्र | अनिवार्य | वांछित | अन्य |
| | | | | | | | | | | | | | |

3. अनुभव

| क्र.सं. | पूरा पदनाम और तैनाती का स्थान | संगठन का नाम | वेतन | अवधि | | अनुभव संबंधी आवश्यकता को पूरा करता है या नहीं, इसकी स्वघोषणा | | घोषणा के समर्थन में कार्यभार की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 | | 7 |
| | | | | से | तक | हाँ | नहीं | |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | जन्म तिथि | |
| 5. | आधार संख्या (छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 6. | आहरित अंतिम वेतन (रु . में) | |
| 7. | पैन नं. (छायाप्रति संलग्न करें) | |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | पूरा आवासीय पता | |
| 9. | मोबाइल नंबर | |
| 10. | ईमेल आईडी | |
| 11. | यदि आवश्यक हो तो उक्त नियुक्ति के लिए आपकी उपयुक्तता के समर्थन में अतिरिक्त प्रासंगिक जानकारी, यदि कोई हो, अलग से संलग्न करें। | |
| 12. | उपलब्धता<br>(कार्य-भार ग्रहण करने के लिए आवश्यक समय) | |
| 13. | उपलब्धि (यदि कोई हो) (अधिकतम 500 शब्दों में) | |

आवेदन प्रपत्र के ऊपरी दाहिने कोने में नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाना आवश्यक है। मैं इसके द्वारा घोषणा करता हूँ कि ऊपर दिए गए विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं। मैंने रिक्ति परिपत्र पढ़ लिया है और मैं, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग अनुभाग में युवा पेशेवर (यंग प्रोफेशनल्स) के रूप में नियुक्ति के लिए सभी निबंधनों और शर्तों को स्वीकार करने के लिए तैयार हूँ। मैं साक्षात्कार के समय योग्यता और अनुभव से संबंधित मूल दस्तावेज प्रस्तुत करूँगा।

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

स्थान:

तारीख: